प्रादेशिक समाचार
दिनांक–21.06.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कोलकाता स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित तीन नौसैनिक जहाजों आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संसोधक और आईएनएस अग्रय का जलावतरण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। उन्होंने निर्माता से निर्णायक बनने का मंत्र दिया। श्री मोदी ने बताया कि भारत का रक्षा उत्पादन निर्यात लगातार बढ़ रहा है।

****

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर झारखंड समेत देश–दुनिया ने आज योग साधना की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मध्य प्रदेश के जबलपुर में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोलकाता से देश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का नेतृत्व किया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने लोकभवन के बिरसा मंडप में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में लोगों के साथ योगाभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा का अमूल्य उपहार है, जो शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित कर स्वस्थ तथा अनुशासित जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है।

योग दिवस पर राजकीय समारोह का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में आयोजित किया गया, जिसमें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी समेत कई गणमान्य लोगों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा में आयोजित योग कार्यक्म्र में शामिल हुई और योग को स्वस्थ जीवन के लिए बेहद जरूरी बताया।

****

पाकुड़ में भी कई स्थानों पर योग दिवस के सिलसिले में शिविर के दौरान लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। आयुष विभाग द्वारा आयोजित योग शिविर में उपायुक्त मेघा भारद्वाज और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त ने योग को भारत की प्राचीन विरासत और अमूल्य धरोहर बताया।

****

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 'नीट–यूजी की पुर्नपरीक्षा आज दोपहर दो बजे से ली जा रही है। एनटीए ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए देशभर में अभूतपूर्व सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था की गई है।

****

खूंटी जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जरियागढ़ थाना क्षेत्र के तिलमी जंगल में हथियार बरामदगी के लिए ले जाए गए नक्सली संगठन पीएलएफआई के कमांडर श्रवण दास ने एक पुलिसकर्मी का हथियार छीनकर भागने और फायरिंग की कोशिश की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जिले के पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने बताया कि अभियान के दौरान छह अन्य उग्रवादियों को भी दबोच लिया गया है। सुरक्षा बलों ने जंगल से हथियार, कारतूस और संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं।

****

हजारीबाग के सदर प्रखंड स्थित सखिया में आज टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच कराई तथा टीबी से बचाव और उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त की। मौके पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने ग्रामीणों को टीबी उन्मूलन अभियान से जुड़ने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

****

राज्य में बारिश के बावजूद तापमान में वृद्धि देखी जा रही है। राज्य के अधिकांश जिलों में पिछले चौबीस घंटे के दौरान पारा ऊपर की ओर चढ़ा है। हालांकि अधिकतम तापमान में दो दिनों बाद थोड़ी गिरावट हो सकती है। राज्य में 27 जून तक बारिश, आंधी और वज्रपात की संभावना है।

********समाप्त********